वी.यू. के माननीय कुलपति का म.प्र. दुग्ध महासंघ सहकारी मर्यादित, इमलिया, जबलपुर का भ्रमण एवं अवलोकन

जबलपुर। दिनांक 4 अप्रैल 2019 को आचार्य डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा वि.वि., जबलपुर ने म.प्र. दुग्ध महासंघ सहकारी मर्यादित संयंत्र, इमलिया, जबलपुर (म.प्र.) का एम.ओ.यू. पर विस्तृत विचार विमर्श, भ्रमण व अवलोकन किया। कुलपति जी ने चर्चा के दौरान बताया कि सन् 1983 में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में डेयरी सांइस एवं खाद्य प्रौद्योगिक महाविद्यालय, जबलपुर की शुरूआत हुई थी, जिसमें बैचलर ऑफ डेयरी विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिक के अंतर्गत प्रथम बैच ही निकल पाया था, कि यह महाविद्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर को हस्तांतरित हो गया। विगत 36 वर्षों से लंबित "डेयरी सांइस एवं खाद्य प्रौद्योगिक महाविद्यालय" की नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान वि.वि., जबलपुर की महत्ती आवश्यकता है। डेयरी विकास के अंर्तगत संगठित क्षेत्र के तहत् दुग्ध संग्रहण एवं प्रसंस्करण की आवश्यकता है, क्योंकि 15 प्रतिशत दुग्ध ही प्रसंस्करित किया जाता है, डेयरी प्रसंस्करण की अधोसंरचना के उन्नयन और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, जिसके लिये डेयरी क्षेत्रों में मानव संसाधनों की मूलभूत आवश्यकता इसलिये म.प्र. में इन गतिविधियों को गति प्रदान करने हेतु डेयरी सांइस एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) की महत्ती आवश्यकता है।

इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने म.प्र. दुग्ध महासंघ के संयंत्र के भ्रमण एवं अवलोकन के दौरान दुग्ध संग्रहण (लगभग 55,000 लीटर), दुग्ध 45,000 लीटर प्रसंसकरण एवं दुग्ध उत्पाद प्रसंसकरण इकाईयॉ (शेष लगभग 10 हजार लीटर के)

जिसमें दुग्ध उत्पादों में पाश्चुराइज्ड दुग्ध, फ्लेवर मिल्क, छैना, रबड़ी, मिल्क केक, पनीर, पनीर का अचार, खोवा, पेड़ा, एवं घी, लस्सी, नमकीन मठा, एवं सादा मठा महत्वपूर्ण है। भ्रमण अवलोकन के दौरान विश्वविद्यालय एवं म.प्र. दुग्ध महासंघ सहकारी मर्यादित, इमलिया, जबलपुर के मध्य एम.ओ.यू. भी निकट भविष्य में किया जाना सुनिश्चित है, जिससे डेयरी सांइस एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अनेक स्नातक स्तर के छात्रों तथा संकाय को व्यावहारिक व प्रयोगिक ज्ञार्नाजन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। भ्रमण के दौरान आपने म.प्र. दुग्ध महासंघ की संचालित गतिविधियों की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. यशपाल साहनी, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. सचिन जैन, प्रभारी प्राचार्य वेटेरनरी पॉलीटेक्निक, श्री दीपक शर्मा, सी.ई.ओ. श्री जे.के जोशी, श्री अरूण चौधरी, बी. आनंद चौकसे, श्री हेमराज पटेल एवं श्री व्ही के. रावत, गुणवत्ता नियंत्रक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि., जबलपुर